दिनांक : 05.07.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुंच।
- ग्वालियर में आज 'समरसता कार्यक्रम' का आयोजन, मुख्यमंत्री जौरासी गांव में अंबेडकर धाम का करेंगे भूमि-पूजन।
- मंडला, टीकमगढ़, डिंडौरी सहित 27 जिलो में तेज बारिश, कई मार्ग हुए बंद।

और

- क्रिकेट में, भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट में भारत ने ली 244 रनों की बढ़त।

प्रधानमंत्री यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो की सफल यात्रा के बाद पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में आज अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज शाम अर्जेंटीना के राष्ट्रीय नायक जनरल जोस डी सैन मार्टिन की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। उनके सम्मान में राष्ट्रपति जेवियर माइली दोपहर के भोज का आयोजन करेंगे। प्रधानमंत्री का यहां के प्रतिष्ठित क्लब बोका जूनियर्स के फुटबॉल स्टेडियम का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।

यहां से कल प्रधानमंत्री ब्राजील की राजकीय यात्रा पर ब्रासीलिया जा रहे हैं। श्री मोदी 6 और 7 जुलाई को रियो डि जेनेरो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने पोर्ट ऑफ स्पेन में त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस ऐतिहासिक संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए लोकतंत्र सिर्फ एक राजनीतिक प्रणाली नहीं बल्कि जीवन का तरीका है।

अमित शाह - पुणे दौरा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल पुणे में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब विश्व में चौथे स्थान पर है और वर्ष 2047 तक यह विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएचआरसी परियोजना पुणे के साथ-साथ पश्चिम महाराष्ट्र क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को भी बेहतर बनाएगी। श्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री समरसता

ग्वालियर में आज 'समरसता कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जौरासी गांव में बनने वाले अंबेडकर धाम का भूमि-पूजन करेंगे। यह स्थल सामाजिक समरसता, न्याय और समानता के प्रतीक डॉ. अंबेडकर के विचारों का जीवंत केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित करेंगे, सामाजिक समरसता की शपथ दिलाएंगे और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर सहभोज का आयोजन भी किया गया है।

सहकारिता दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आज सहकारी युवा संवाद को संबोधित करेंगे। भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग भी संबोधित करेंगे। अतिथियों एवं युवाओं के मध्य समावेशी एवं संवहनीय विकास में सहकारिता की भूमिका विषयक संवाद होगा। इस दौरान राज्य सहकारी संघ द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार हस्तशिल्प विभाग के सीएचसीडीएस स्कीम के हस्तशिल्प प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण भी होगा। राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा इस संयुक्त आयोजन में विषय विशेषज्ञों द्वारा सहकारिता की अवधारणा एवं विकास, सहकारिताओं के प्रकार, सहकारिता की वैधानिक पृष्ठभूमि, सहकारी सेक्टर में स्वरोजगार की संभावनाएं और "सहकार से समृद्धि" योजना का विवरण एवं प्रगति के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## केंद्र-यूपीएस एनपीएस

सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली-एनपीएस के अन्तर्गत वर्तमान में उपलब्ध सभी कर लाभ नई शुरू की गई एकीकृत पेंशन योजना-यूपीएस में भी लागू रहेंगे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यूपीएस को कर ढांचे के अन्तर्गत शामिल करना पारदर्शी, सुगम और कर-कुशल विकल्पों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने के सरकार के प्रयास में एक और कदम है।

## मुख्यमंत्री अनूपपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अमरकंटक के पर्यटन विकास में नये आयाम जोड़े जायेंगे। उन्होंने कहा कि है सरकार नर्मदा परिक्रमा पथ क्षेत्र के समग्र विकास के लिये संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री कल अनूपपुर जिले के कोतमा में आयोजित हरियाली से खुशहाली का नया परिवेश कार्यक्रम में अमृत हरित महाअभियान तथा हितग्राही सम्मेलन को रीवा से वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 443.31 करोड़ रुपए की लागत वाले 114 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने नीट एण्ड जेईई कोचिंग, अमरकंटक में राम घाट पर बनाए गए रामसेतु का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 10 जुलाई को स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश में लगातार जारी बारिश से कई जगहों पर नदी नाले उफान पर आ गए हैं। मंडला में नदी-नालों में बाढ़ आ गई है। मंडला, टीकमगढ़, डिंडौरी सहित 27 जिलो में कल तेज बारिश हुई। जबलपुर-मंडला मार्ग पर भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गया है। मंडला में 8, टीकमगढ़ 6 और जबलपूर 3 इंच बारिश हुई। डिंडौरी में 2 दिन स्कूलो की छुट्टी घोषत की गई हैं। यहां एक दिन में 7 इंच बारिश हुई। इस बीच मौसम विभाग ने सिवनी,मंडला,बालाघाट के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही उमरिया,जबलपुर सहित 15 जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने 8 जुलाई तक प्रदेश में भारी बारिश के आसार जताएं हैं।

क्रिकेट-भारत-इंग्लैंड

क्रिकेट में, आज भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन, बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट का चौथा दिन है। आज भारत अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन से आगे खेलेगा। भारत की कुल बढ़त 244 रनों की है। कल भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने छह विकेट लिए, जबकि आकाश दीप ने चार विकेट चटकाए और इंग्लैंड को पहली पारी में 407 रनों पर रोक दिया। जेमी स्मिथ ने नाबाद 184 रन बनाए, जबकि हैरी ब्रुक ने मेजबान टीम के लिए 158 रनों का योगदान दिया।

महिला-ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट

महिला क्रिकेट में कल रात लंदन के ओवल में पांच मैचों की टी-ट्वेंटी सीरीज के तीसरे मैच में कल मेजबान इंग्लैंड ने भारत को पांच रन से हरा दिया। इंग्लैंड के 172 रन के लक्ष्य के जवाब में भारतीय टीम पांच विकेट पर 166 रन ही बना सकी। भारतीय टीम श्रृंखला में दो-एक से बढ़त बनाए हुए है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा में इंस्पायर अवार्ड योजना के चयनित विद्यार्थियों की जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री सूरजकुंड कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कल किया गया।
- शिवपुरी में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आज जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई।
- धार जिले में 'अमृत हरित महा अभियान' के अंतर्गत पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। धार नगर पालिका ने 47 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया हैं।
- डिंडौरी जिले में कल प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आयोजित लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण कार्यक्रम में जिले के 521 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।
- पद्मश्री से सम्मानित जबलपुर के 79 वर्षीय डॉक्टर मुनीश्वर चंद्र डावर का कल निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉक्टर डावर के निधन पर दु:ख व्यक्त किया हैं।